BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 05 जुलाई, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना रामघाट**

ट्रेक्टर लूट की घटना में वांछित बदमाशों से थाना रामघाट पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी के साथ गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व एक प्लेटीना बाइक बरामद।

जनपद मे तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 05.07.2024 की रात्रि को थाना रामघाट पुलिस टीम व स्वाट टीम देहात नहर पुल रामघाट पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग/गस्त में मामूर थी, इसी दौरान ग्राम नगला जाटनी की तरफ से एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिनको रूकने का इशारा किया गया तो अभियुक्तों द्वारा बाइक को तेजी से नहर की पटरी की तरफ मोड़कर भागने लगें। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को घेर कर आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया तो बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायल अवस्था में अपने एक अन्य साथी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 01.अजय उर्फ काली पुत्र राजेन्द्र उर्फ छोटेलाल निवासी ग्राम प्यावली थाना पालीमुकीमपुर जनपद अलीगढ़ (घायलावस्था) 02.लाल सिंह पुत्र रामखिलाड़ी निवासी ग्राम लहरा सलेमपुर थाना दादों जनपद अलीगढ़। के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल बुलन्दशहर में भर्ती कराया गया हैं। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस एवं प्लेटीना बाइक बरामद हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि बदमाश अजय उर्फ काली व लाल सिंह शातिर किस्म के चोर/लुटेरे हैं जो थाना रामघाट पर दिनांक 26.06.2024 को पंजीकृत मुअसं-85/24 धारा 392 भादवि में वांछित चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- अजय उर्फ काली पुत्र राजेन्द्र उर्फ छोटेलाल निवासी ग्राम प्यावली थाना पालीमुकीमपुर जनपद अलीगढ़।
2- लाल सिंह पुत्र रामखिलाड़ी निवासी ग्राम लहरा सलेमपुर थाना दादों जनपद अलीगढ़।

बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस।
2- 01 प्लेटिना बाइक रंग काला(बिना नम्बर)
3- 01 रेडमी मोबाइल (लूट का)

अभियुक्त अजय उर्फ काली का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं-273/23 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना दादों जनपद अलीगढ़।
2- मुअसं-272/23 धारा 411/413/414/420 भादवि थाना दादों जनपद अलीगढ़।
3- मुअसं-222/23 धारा 379 भादवि थाना दादों जनपद अलीगढ़।
4- मुअसं-216/23 धारा 379/411 भादवि थाना दादों जनपद अलीगढ़।
5- मुअसं-291/23 धारा 379/411 भादवि थाना पाली मुकीमपुर जनपद अलीगढ़।
6- मुअसं-407/21 धारा 379/411/420 भादवि थाना गुन्नौर जनपद सम्भल।
7- मुअसं-313/21 धारा 411/413/414/420 भादवि थाना सहसवान जनपद बदायूँ।
8- मुअसं-74/20 धारा 392/411 भादवि थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।
9- मुअसं-111/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।
10- मुअसं-85/24 धारा 392 भादवि थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त लाल सिंह का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं-291/23 धारा 379/411 भादवि थाना पालीमुकीमपुर जनपद अलीगढ़।
2- मुअसं-272/23 धारा 411/413/414/420 भादवि थाना दादों जनपद अलीगढ़।
3- मुअसं-222/23 धारा 379 भादवि थाना दादों जनपद अलीगढ़।
4- मुअसं-216/23 धारा 379/411 भादवि थाना दादों जनपद अलीगढ़।
5- मुअसं-85/24 धारा 392 भादवि थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामघाट पर अग्रिम वैधानिक कार्यावाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जायेगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्रीमती पूनम जादौन थाना प्रभारी रामघाट जनपद बुलन्दशहर।

2- व0उ0नि0 सुखपाल सिंह, उ0नि0 आशाराम, उ0नि0 पप्पू सिंह, उ0नि0 यूटी संदीप सरोज, उ0नि0 सौरभ चौधरी

3- का0 मोहित बैसला, का0 शिवम बालियान, का0 श्रीकान्त सिंह, का0 पंकज सिंह।

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम देहात-

1. उ0नि0 लोकेश अग्निहोत्री प्रभारी स्वाट टीम देहात।

2- है0का0 महेश उपाध्याय, है0का0 नितिन शर्मा, है0का0 सर्मेन्द्र, है0का0 अरूण कुमार, का0 आकाश कुमार, का0 मनीष कुमार, का0 रोहित कुमार।

मीडिया सेल बुलंदशहर